कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02022–23 / विज्ञप्ति 05 / 518-523 / 2024–25 दिनांक दिसम्बर 2024

: द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2022–23 : विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2024 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2022–23 के प्रश्नपत्र के चारों सेट A, B, C, D की उत्तर कुंजी (Answer Key) जनहित में परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/UTET कार्नर पर प्रसारित कर दी गई है। अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in से उत्तरकुंजी (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी / आवेदक को किसी प्रश्न / प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/UTET कार्नर पर उपलब्ध है) पर अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति दिनांक 13 दिसम्बर 2024 तक परिषद की ई–मेल deled2015@gmail.com पर पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद कार्यालय को प्राप्त करा सकते हैं। **एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न / उत्तर पर प्रत्यावेदन / आपत्ति अंकित करें, यदि एक से अधिक प्रश्नों / उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन / आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने प्रत्यावेदन / आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।** प्रमाण / साक्ष्य रहित प्रत्यावेदन / आपत्ति, ई–मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन / आपत्ति एवं अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।